हरिभूमि

# छिंदवाड़ा भूमि

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

जबलपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

login : www.haribhoomi.com



### कांग्रेस की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहना अत्यंत निंदनीय है: शेषराव यादव

## पीएम की दिवंगत मां को अपशब्द कहने पर फूटा भाजपा का गुस्सा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बिहार की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को अपशब्द कहने पर भाजपा का गुस्सा फूट गया, जिसके चलते रविवार को भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व विधायक रमेश दुबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कमलनाथ और जीतू पटवारी का पुतला दहन कर उग्र विरोध प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन के दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन वाले दलों के नेताओं ने सारी मर्यादाओं और नैतिकता को त्याग दिया है। कांग्रेस नेता सत्ता पाने के लिए इस तरह से लालायित हैं कि वे दिवंगत महिला को अपशब्द कहने से भी नहीं चूक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां सिर्फ मां होती है चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हों या आम व्यक्ति की मां। उन्होंने कहा कि मां सभी पर अपना स्नेह बराबर रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी मां को देवी देवताओं से ऊपर का स्थान दिया गया है और एक मां के लिए अपशब्द कहना पतन का परिचायक है। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहना अत्यंत निंदनीय है और उससे ज्यादा निंदनीय यह है कि किसी की दिवंगत मां को अपशब्द कहने पर अपने आप को राष्ट्रीय नेता कहने वाले राहुल गांधी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि हम कांग्रेस और उसके घटक दलों द्वारा किए गए इस निंदनीय कार्य की कठोर शब्दों में आलोचना करते हैं। पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावी सभा में उनकी उपस्थिति में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को अपशब्द कहना और उस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कोई आपत्ति नहीं करना, अपशब्दों का प्रयोग करने वाले कांग्रेस नेता पर कोई कार्यवाही नहीं करना महिलाओं के प्रति उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है।

## गुलाबरा मंडल में लोगों ने सुनी मन की बात

### प्रधानमंत्री ने कहा जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

माह के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम गुलाबरा मंडल की अध्यक्ष लीला बजोरिया की प्रमुख उपस्थिति में वार्ड नंबर 48 के बूथ क्रमांक 12 में बूथ अध्यक्ष अंकुर बिसंदरे के निवास में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए रविवार को लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ति का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़तिों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू-स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार उजड़ गए, पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानी, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मन की बात प्रमुख प्रतिभा कपाले, मंडल उपाध्यक्ष ममता डोंगरे, मंडल मंत्री भारती जैन, मंडल के पदाधिकारी पुरुषोत्तम भार्गव, चैतराम पाल मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन में शामिल हुए छिंदवाड़ा के चंद्रभान

### ग्राम रानीकामथ निवासी आकाशवाणी छिंदवाड़ा में है कार्यरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

देश विदेश में बरसों से लोग रेडियो के दीवाने है। चाहे भले ही मोबाइल पर सोशल मीडिया कितना भी हावी क्यों न हो जाए। रेडियो के श्रोताओं को बिना रेडियो सुने चैन कैसे आ सकता है। ऐसे अनेक श्रोता है जो आज भी रेडियो के दीवाने है। इन्हीं दीवानों में से एक है चंद्रभान ठाकरे। जिन्होंने रेडियो की तरंगों से पचास साल पहले अपने दिल की तरंगे की ऐसी जोड़ी कि रेडियो को ही अपनी जिंदगी का मकसद मानने लगे और यह मकसद ने उन्हें देश विदेश में 1500 से ज्यादा मित्र बनाने का मौका दिया। राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय श्रोता सम्मेलन में पहुंचने वाले चंद्रभान इस वर्ष 24 अगस्त को उत्तरप्रदेश के बागपत में अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में शामिल होने पहुंच गए। रेडियो के नशे ने उन्हें कई ऐसे एंकर्स से मिलने का मौका दिया जो उनके जीवन के लिए यादगार बन गए। आकाशवाणी दिल्ली की नीता अग्रवाल, जम्मू कश्मीर के तारिक जमील, विविध भारती मुंबई की शेफाली कपूर, टीवी सीरियल कलाकार अमित कपूर के साथ साथ माधव नामदेव जी जैसी हस्तियों से मिलने का मौका मिला और अच्छे श्रोता होने का सम्मान भी।

## आत्मशुद्धि का महापर्व दशलक्षण पर्व: पं. सरसु जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जैनों के पवित्र पर्व दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ हुआ प्रथम दिवस पर श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में सुबह से ही विविध आयोजनों के साथ दशलक्षण महापर्व का आगाज किया गया। सर्वप्रथम मन्त्र जप,भाव पूजा,वृहद मंदिर विधि,ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम हुए-विदिशा से पधारे पं डॉ सरसु जैन दशलक्षण महापर्व पर विशेष दृष्टिकोण डालते हुए 10 धर्मो की परिभाषा समझाई ओर सारगर्भित प्रवचन दिए जिस से श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर श्रवण किया। इस अवसर समाज के समस्त वरिष्ठजन सामाजिक बंधु,माताएं बहने, युवा साथी एवं बच्चे उपस्थित हुए।

## शासकीय कॉलेज को प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व शासकीय महाविद्यालय जुनारदेव के प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर के मार्गदर्शन में शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभाग द्वारा खेल दिवस पर आयोजित अंतर सदन प्रतियोगिता हेतु भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय विभाग द्वारा महाविद्यालय को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी नीरज पाल ने बताया कि इस वर्ष मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर पर अंतर सदन बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसकी थीम शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद में रोज़गार के अवसर रखी गई थी। उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के एक घंटा रोज़ खेल के मैदान कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जुनारदेव को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## आधुनिक होगा नपा का एमआरएफ प्लांट

### पांच नई मशीनें आई, कचरा छांटकर, पैक कर फैक्ट्रियों को बेचेगी नगरपालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया नगर पालिका का कचरा सेग्रिगेशन प्लांट एमआरएफ सेंटर को आधुनिक किया जा रहा है। रविवार को पांच नई मशीने एमआरएफ प्लांट के लिए लाई गई। इससे कचरा सेग्रिगेशन सेंटर आधुनिक हो जाएगा। भविष्य की जनसंख्या के अनुसार क्षमता बढेगी।

नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमंकुवर की मौजूदगी में मशीनों को उतारकर विवेकानंद पार्क में रखवाया गया है।नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि एमआरएफ प्लांट वार्ड क्रमांक एक में स्थित है। गीला सूखा कचरा पृथक करने की यहां सुविधा है। शासन ने वर्ष 2026 की अनुमालित जनसंख्या के आधार पर कचरा सेग्रिगेशन सेंटर को डेवलप करने के लिए डीपीआर मांगा गया था। नए डीपीआर के तहत 76 लाख की लागत से एफआरएफ प्लांट को आधुनिक बनाया जाना है। इसके लिए पांच नई मशीने नगर पालिका ने बुलाई है। इसमें खाद बनाने की मशीन , गत्ते के गठ्ठे बनाने की मशीन और अन्य मशीने है। इससे कचरे को बेचने के लिए नगर पालिका सक्षम हो जाएगी।इस दौरान नगर पालिका से प्रवीण मिश्रा, सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक राय, सलीम खान, जल प्रदाय प्रभारी असद खान, जल प्रदाय का स्टाफ आदि उपस्थित था।

गौरतलब है कि नगर पालिका का कचरा सेग्रिगेशन सेंटर वार्ड क्रमांक एक ओझा मोहल्ला की पहाडियों पर स्थित है। यहां नगर पालिका ने मशीने यहां लगाई है। इसके आधुनिकीकरण से सुविधाएं और बेहतर हो जाएगी।

### पुलिस और प्रशासन की दम पर दहशत फैलाना चाहती है भाजपा

## कांग्रेस ने ईएलसी चौक पर पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





सत्ता के मद में चूर भाजपा पुलिस और प्रशासन के बल पर सारी हदें पार कर चुकी है। राजनीतिक मैदान में मुंह की खा चुके भाजपाई, जनता के बीच जनाधार खोने से बौखला चुकी है। वोट चोरी का खुलासा होने और किसान आंदोलन के बाद से बौखलाई भाजपा कांग्रेस पर व्यक्तिगत हमले से नहीं चूक रही, किन्तु कांग्रेस हर स्तर पर अन्याय का जवाब दे रही। कांग्रेस ने पहले गोरों को खदेड़ा है अब वोट चोरों को खदेड़ने के लिए पूरी तहर तैयार है। शासन व प्रशासन के बल पर चलने वाले भाजपाई व भाजपा की कुत्सित मानष्किता कांग्रेस की सच की लड़ाई के सामने झुके।

भाजपा पुलिस और प्रशासन की दम पर राजनीतिक व सामाजिक दहशत फैलाने की नाकाम कोशिश कर रही थी, किन्तु कांग्रेस की सख्ती के सामने ना तो भाजपाई टिके ना ही भाजपा कार्यकर्ता बनकर खड़े पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी टिक पाए। चारों खाने चित्त हुई भाजपा ने अंत में पुनः वर्दी का दुरुपयोग कर रही। "वोट चोरी" का खुलासा होते ही भाजपा की आंख और सांख दोनों ही मतदाताओं के बीच बेहद कमजोर हो चुकी है। किसान आंदोलन के बाद से सदमें में पहुंची भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी का पुतला दहन कर राजनीतिक व सामाजिक फिजा में जहर घोलने का पूरा प्रयास किया। इस षड्यंत्र में पुलिस व प्रशासन के चंद अफसरों ने भाजपा के कार्यकर्ता बनकर काम करते हुए खूब पैरवी की, किन्तु अन्याय के खिलाफ कांग्रेस के एकजुट हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ता नहीं झूके। भाजपा सांसद के इशारों पर मुजरा करने वाले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कांग्रेस कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर पूरा प्रयास किया कि भाजपा अपने मंसूबों में कामयाब हो जाए, किन्तु कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर षड्यंत्र का डटकर सामना किया।

**वोट चोर गद्दी छोड़ के लगे गगन भेदी नारे :** कांग्रेस के जबांज साथियों ने कांग्रेस कार्यालय के सामने वोट चोर गद्दी छोड़ के गगन भेदी नारों से तिलमिलाई और छटपटाई भाजपाइयों ने अपना इरादा बदल दिया। पुलिस और प्रशासन के सारे बल प्रयोग विफल हुए और कांग्रेस ने खुलकर ईएलसी चौक पर डंके की चोट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे फूंककर एक बार फिर साबित कर दिया कि कांग्रेस जब अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी तो चोरों के सामने कैसे झुक सकती है।

## सिद्धिविनायक की अद्भुत झांकियां...



**तामिया।** ब्लॉक कॉलोनी में पिछले 25 वर्षों से गणेश स्थापना मुख्य मार्ग के पार्क पर होती चली आ रही है। इस वर्ष भी ब्लॉक युवा मंडल द्वारा ब्लॉक के बादशाह की धूमधाम से स्थापना की गई है।



**छिंदवाड़ा।** शहर के श्रीवास्तव कॉलोनी में पवार किराना के बाजू में विराजी श्रीगणेश की आकर्षक झांकी। इस झांकी में श्रीगणेश भगवान साइकिल पर सवार नजर आ रहे है। इस अद्भुत झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



**छिंदवाड़ा।** परासिया रोड स्थित संतु आटा चक्की के पीछे दृष्टि घोरसे के निवास पर भगवान गणेश की अद्भुत प्रतिमा विराजित की गई है। यहां पिछले 20 वर्षों से मूर्ति की स्थापना की जा रही है।



**दमुआ।** आवास वार्ड नं 7 दमुआ में युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई इंदिरा सांई मंदिर के राजा की आकर्षक झांकी।

MPRDC

**मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन के आदेशानुसार**

(डी.बी.एल. बैतूल-सारणी-परासिया टोल वेज लिमिटेड)

SH-45 इकलहरा टोल प्लाजा पर 01-09-2025 से 31-08-2026 तक नई टोल दरें लागू होंगी, जो इस प्रकार हैं

| क्र. | वाहन का प्रकार | नई टोल दर शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | कार, जीप | 45 रूपये प्रति ट्रिप |
| 2 | लाईट कमर्शियल व्हीकल/मिनी बस | 115 रूपये प्रति ट्रिप |
| 3 | बस | 235 रूपये प्रति ट्रिप |
| 4 | ट्रक | 285 रूपये प्रति ट्रिप |
| 5 | मल्टी एक्सेल व्हीकल | 565 रूपये प्रति ट्रिप |

**नोटः लोकल निजी कार मासिक पास 110/- रूपए एक माह के लिए होगा 01-09-2025 मध्यरात्रि (00:00:00) से 31-08-2026 (23:59:59) तक लागू रहेंगे।**

## 24 सितंबर को सौसर में लगेगा बौध्द समाज का मेला, बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी होंगे शामिल

# धम्म ध्वज यात्रा का सौंसर नगर में होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रविवार को नागपुर में धम्म ध्वज यात्रा समापन समारोह को लेकर यात्रा प्रमुख प पूज्य भन्ते वीणाचार्य के साथ में बैठक संपन्न हुई हैं। बैठक के दौरान आगामी 24 सितंबर बुधवार को सौसर में होने वाले धम्म ध्वज यात्रा समापन समारोह के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। मिली जानकारी के अनुसार महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर संपूर्ण देश में भन्ते बीनाचार्य के नेतृत्व में धम्म ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 17 अगस्त को नागपुर की दीक्षाभूमि से शुरू हुई है यात्रा मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र का भ्रमण करते हुए 23 सितंबर को छिंदवाड़ा एवं 24 सितंबर को सौसर में पहुचने वाली है। सौसर में यात्रा का समापन समारोह किया जाएगा। यात्रा समापन आयोजन कमेटी के सदस्य ने बताया बुधवार 24 सितम्बर को सौसर में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर धम्म यात्रा समापन समारोह सौसर में हो रहा है। जिसको लेकर नागपुर में भन्ते प पूज्य विनाचार्यजी, नितिन गजभिये ओर भिक्खु संघ के साथ मे महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई है। बैठक में सौसर में होने वाले यात्रा समापन कार्यकम में,सत्कारसमारोह,आर्केस्ट्रा,रैली,धम-मदेशना,आदि को लेकर सिलसिले बार चर्चा की करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई,यात्रा समापन कार्यक्रम में यात्रा प्रमुख प. पूज्य. भन्ते विनाचार्यजी,पूज्य,भन्ते रेवतजी श्रीलका,पूज्य भन्ते ज्ञानज्योति ताडोबा,पूज्य भन्ते करुणानिधि थाईलेण्ड,भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भिमरावजी आम्बेडकर,जी टीवी बुध्द सीरियलसिनेअभिनेता हिमांशु सोनी,पूर्व मंत्री दिल्ली सरकारडॉ राजेंद्र गौतम पाल,नितिन गजभिये,के अलावा भीम बुध्द आर्केस्ट्रा और देश-विदेश के भिक्खु संघ को आयोजन में शामिल करने को लेकर चर्चा की गई है।समापन कार्यक्रम महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश आदि क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर बौद्ध अनुयायियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान चंद्रभान बागड़े,डॉ अशोक भगत,दिलीप बागड़े,मुकेश बागड़े,सिद्धार्थ सोमकुंवर,राहुल बागड़े,लक्ष्मीदास बोरकर,राजेश बागड़े,मिलिद बंसोड़,चन्द्रप्रकाश पगारे,सतिश बंसोड़,सिद्धार्थ बंसोड़,नयन सोमकुंवर आदि थे।



## संजय जगताप को भावभीनी विदाई



**पांढुर्ना।** वनविभाग के कर्मचारी संजय जगताप का विदाई समारोह वनविभाग के अधिकारियों द्वारा बडे ही सादगीपूर्ण समारोह में संपन्न किया गया। ज्ञात हो कि संजय जगतापन ने नवंबर 1993 से गसत 2025 तक निरंतर 32 वर्ष पर्यंत अपनी सेवा वन परिक्षेत्र पांढुर्ना में दी। इस अवसर पर उच्चाधिकारियों ने सेवानिवृत्त संजय जगतान को शाल पहनाकर एवं श्रीफल प्रदान कर उनका सत्कार किया। संजय जगताप को सेवानिवृत्ति अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सफल जीवन की समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

## स्कूल में हुआ हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**सौंसर।** विकासखंड हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन नगर की सुभाष मोंटेसरी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। बच्चों में खेल प्रतिभा जागृत हो इस उद्देश्य को लेकर निरंतर मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन को संबोधित करते हुए विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे ,नोडल अधिकारी बाबा खान ने कहा कि विकसित भारत में आज खेल की स्थिति बहुत परिवर्तित हो गई है खेलों में भारत ने कई खेलों में आज अपना वर्चस्व कायम रखा हुआ है और आगे बढ़ रहे हैं। भारत के मानचित्र में भी सौसर विकासखंड का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौसर के खिलाड़ी ने अपना नाम दर्ज किया है। जैसे भारत के हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने क्योंकि जब मेजर ध्यानचंद खेलते थे तो ऐसे उनकी हॉकी स्टिक से बाल चिपककर जब तक गोल न कर दे। सुभाष मोंटेसरी पब्लिक स्कूल के संचालक प्रशांत वाडेकर ने कहा आज हम महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को मनाने के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस पर एकत्रित हुए हैं।यह दिन न केवल उनकी और असाधारण प्रतिभा को श्रद्धांजलि देता है बल्कि हमारे जीवन में खेलों के महत्व को भी उजागर करता है खेल हमें अनुशासन कड़ी मेहनत और टीम भावना सीखते हैं। नोडल अधिकारी बाबा खान ने कहा हैंडबॉल एक तेज तर्रार और रोमांचक खेल है यह खेल दो टीमों के बीच खेला जाता है जिसमें प्रत्येक टीम में सात खिलाड़ी होते हैं इसका उद्देश्य गेंद को विरोधी टीम के गोल में फेंकना होता है।

## दशलक्षण पर्व पर मंगलगान से गूंज रहे चैत्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सकल दिगंबर जैन समाज के सभी घटकों सहित युवा संगठन, महिला मंडल एवं पाठशाला के विद्यार्थीयों द्वारा भादों सुदी पंचमी से भादों सुदी चतुर्दशी तक चलने वाले जैन दर्शन में आत्म शुद्धि एवं धर्माराधना का अनादि निधन शाश्वत पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व की मंगल आराधना करते हुए आत्म साधना की जा रही है।भादों सुदी पंचमी से प्रारंभ हुए पर्वराज दशलक्षण पर सकल दिगंबर समाज ने धर्म के प्रथम लक्षण उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव एवं उत्तम शौच धर्म की आराधना की ओर आज भादों सुदी नवमी के शुभ दिन धर्म के पांचवें लक्षण उत्तम सत्य धर्म की मंगल आराधना करेगा।जिनशासन सेवक दीपक राज जैन का कहना है कि धर्म तो एक ही होता है और वह हे वस्तु का स्वभाव, जिनागम में धर्म के दस लक्षण बताए गए जिसमें क्रोध के अभाव में क्षमा, मान के अभाव में मार्दव, मायाचारी के अभाव में आर्जव एवं लोभ के अभाव में उत्तम शौच धर्म होता है जो वास्तव में दिगंबर महामुनिराजों को ही प्रगट होता है। आज उत्तम सत्य धर्म की आराधना के पश्चात क्रम से संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की मंगल आराधना सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा की जावेगी। इसमें उत्तम शब्द सम्यक दर्शन अर्थात सच्ची क्षमा से है।क्या है दशलक्षण महापर्व -दशलक्षण महापर्व आत्म शुद्धि का महापर्व कहलाता हैं जिसके धारक दिगंबर महामुनिराज होते हैं परन्तु श्रावकगण भी इसका एक देश पालन करते है। जिसमें दस दिनों तक नियम संयम पूर्वक रहना, पूजन, मंगल प्रवचनों, भक्ति सहित स्वाध्याय एवं प्रतिक्रम में ज्यादा से ज्यादा समय लगाकर आत्म आराधना करना होता है। अपनी अपनी शक्ति अनुसार उपवास अथवा व्रतादि कर स्वयंम को जानना ही दशलक्षण महापर्व का सार है। कौन कहां कर रहा आराधना -श्री जैन ने बताया कि पर्वराज पर नगर के समस्त दिगंबर जिनालयों सहित चैत्यालयों में दिगंबर जैन समाज के विविध घटकों द्वारा आराधना की जा रही है, जिसमें अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय मूल पाषाण मंदिर एवं श्री पार्श्वनाथ जिनालय बड़ा जैन मंदिर चूना गली में दिगंबर जैन परवार पंचायत पाषाण मंदिर द्वारा, संत निवास में सूर्योदय धाम परवार पंचायत द्वारा, श्री पार्श्वनाथ जिनालय कांच मंदिर में गोला पूरब पंचायत द्वारा, श्री आदिनाथ जिनालय ऋषभ नगर गुलाबरा शामिल है।

## भाजपा नेत्रियों ने दहन किया राहुल गांधी और जीतू पटवारी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भाजपा की सैकडों महिला सदस्यों ने आज छत्रपति शिवाजी चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोनों के पुतले दहन किए। इस मौके पर ''शर्म करो शर्म करो, जीतू पटवारी शर्म करो '' तथा कांग्रेस हटाओ देश बचाओ '' जैसे नारे एकत्र भाजपाई महिलाओं ने जोरशोर से लगाए। भाजपा की महिला नेत्रियों ने लाउडस्पीकर पर संबोधन में कहा कि महिलाओं के पवित्र त्यौहार तीज के दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बयान दिया कि मध्यप्रदेश की महिलाएं देश में सवार्धिक शराब पीती है। भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के बयान को मध्यप्रदेश के सभी महिलाओं के लिए अपमानजनक कहा। इन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की महिलाएं महिलाओं के बारे में झूठा और अपमानजनक बयान देनेवाले के खिलाफ तब तक आंदोलन करेगी जब तक वे अपने कथन पर माफी नहीं मांगेंगे। इस अवसर पर भाजपा के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेता एवं नेत्रियां मौजूद रही।

## बूथ अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**तामिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात 125 वा एपिसोड में लोकल फॉर वोकल के अंतर्गत त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जोर दिया, लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें खेलों की बड़ी भूमिका है , सोलर राइस मिल स्थापित होने से किसानों कि आय में वृद्धि हुई है यहां कार्यक्रम तामिया मंडल के अनेक बूथों एवं तामिया के बूथ क्रमांक 38,39,40,41 लाइव प्रसारण देखा गया जिसमें कि वरिष्ठ नेता दुर्गेश सलामे, विजय शिवहरे, भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री विनय साहू, सुमंत्रा ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया विष्णु यदुवंशी धर्मेंद्र वासनिक ऋषभ सूर्यवंशी, नरेंद्र यादव ,राजदीप सलामे सभी ने अपने अपने बूथों में कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

## डॉ. धनेंद्र ने कुशल इलाज से बनाई अलग पहचान

**बिछुआ-खमरा।** क्षेत्र के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. धनेंद्र वर्मा आज दूर-दूर तक अपनी सेवाओं के लिए पहचाने जा रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता और मानवीय व्यवहार ने उन्हें मरीजों के बीच विश्वास का प्रतीक बना दिया है।तीसरी पीढ़ी की निरंतर सेवाडॉ. धनेंद्र वर्मा चिकित्सा सेवा देने वाली तीसरी पीढ़ी से संबंध रखते हैं। उनका परिवार पिछले 44 वर्षों से लगातार स्वास्थ्य सेवा में समर्पित है। वर्तमान में वे अपने पिता डॉ. गंभीर सिंह वर्मा के साथ मिलकर इस परंपरा को और आगे बढ़ा रहे हैं तथा परिवार के नाम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं।दूर-दराज से पहुँच रहे मरीजडॉ. वर्मा के पास आसपास के ही नहीं, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से भी मरीज उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। लगातार मरीजों को मिल रहा आराम उनकी चिकित्सा का प्रमाण बन चुका है।व्यवहार और इलाज से जीता दिलमरीजों का कहना है कि डॉ. वर्मा का सौम्य व्यवहार, स्पष्ट मार्गदर्शन और सटीक उपचार ही उनकी लोकप्रियता का आधार है। उनके क्लिनिक से लौटने वाले लोग संतुष्टि और भरोसे के साथ घर जाते हैं।स्वास्थ्य सेवाओं को दिया नया आयामडॉ. धनेंद्र वर्मा ने बिछुआ-खमरा क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम दिया है। लोग अब दूर नहीं भटक रहे, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही उन्हें उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है।



## एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नगझर में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**वारासिवनी।** शासन के निर्देश अनुसार सत्र 2025-26 एवं 2026-27 द्विवर्षीय शाला प्रबंधन समिति एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला नगझर का गठन किया गया। विगत वर्षों के 2 से 8 कक्षाओं के परीक्षा परिणामों के आधार पर क्रमशः वंचित समूह, कमजोर वर्ग एवं अन्य वर्ग के 14 पालकों का निर्धारण कर सर्वसम्मति से पालकों द्वारा गौरीशंकर राहंगडाले अध्यक्ष एवं श्रीमती वंदना उइके को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में उपसरपंच श्रीमती ओमेश्वरी बिसेन वार्ड पंच 18 एवं श्रीमती किरण कंगाली वार्ड पंच 19, शाला प्रबंधन पूर्व अध्यक्ष सुखचंद राहंगडाले, समस्त पालकगण, शाला के शिक्षक, शिक्षिकाये मौजूद रही। शाला प्रबंधन पूर्व अध्यक्ष सुखचंद राहंगडाले द्वारा समस्त निर्वाचित अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को नये वित्तीय वर्ष 2025-26, 2026-27 की कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 208 कोबरा बटालियन द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

208 कोबरा बटालियन, बडगाँव, किरनापुर द्वारा दिनांक 29/08/2025 से 31/08/2025 तक 'राष्ट्रीय खेल दिवस' का आयोजन बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरूआत दिनांक 29/08/2025 को बटालियन के श्री कपिंग गिल (कमाण्डेंट 07 बटा0) एवं श्री शशी भूषण सिंह बिष्ट (कमाण्डेंट 208 कोबरा) द्वारा दिनांक 29/08/2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजली अर्पण के साथ किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथी श्री योगेंद्र फुलबांधे (राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबाल खिलाड़ी) एवं श्री अयान खान (राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबाल खिलाड़ी) को श्री कपिंग गिल (कमाण्डेंट 07 बटा०) एवं श्री शशी भूषण सिंह बिष्ट (कमाण्डेंट 208 कोबरा) द्वारा गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कैम्प परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मैराथन दौड़, तैराकी प्रतियोगिता एवं साईकल रैली खेल शामिल रहें। इन सभी खेल प्रतियोगिताओ में 208 कोबरा तथा 7 बटालियन के अधिकारियों और जवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

'राष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाने के क्रम में इन सभी खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन का उद्देश्य जनता एवं जवानों में खेल भावना, टीम वर्क, शारीरिक तंदुरूस्ती तथा आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट महोदय द्वारा बटालियन के सभी अधिकारियों और जवानों को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की बधाई दी गई और खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए खेल में निरंतर भागीदारी हेतु प्रेरित किया।




## सेवा संकल्प दिवस पर आम जनता को मिलेगी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**लांजी।** दिव्यांग जन कल्याण संघ मध्यप्रदेश द्वारा तनमय मिश्रा के 27वें जन्मदिन ३सेवा संकल्प दिवस३ पर एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रविवार, 31 अगस्त 2025 को ग्राम स्वराज भवन, भानegाँव में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में आम जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। होप हार्ट हॉस्पिटल गोंडिया द्वारा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत हार्ट अटैक/ब्‍_लॉकेज/ एंजियोप्लास्टी का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार करहि विधायक-लांजी/किरनापुर उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले (अध्यक्ष-नगर परिषद लांजी), आशीष मिश्रा (चिफ एडिटर-पंचायती राज न्यूज बालाघाट), श्रीमती सुनिता इन्द्रपाल मड़ावी (पूर्व सरपंच ग्राम-भानegाँव), प्रोफेसर रेवाजी करहाटकर (सभापति-महिला व बाल विकास ज.पं. लांजी), और श्रीमती सत्यभामा अशोक बिसेन (शांति नगर, किरनापुर) उपस्थित रहेंगे।

## भारतीय सेना से सेवानिवृत हुए सैनिक का स्वागत समारोह

हरिभूमि न्यूज लांजी।



देश की सीमाओं पर अपनी जान हथेली पर रखकर भारत वर्ष तथा भारतियों की रक्षा करने वाले वीर जवानों का अपने सेवाकल को पूरा कर लौटना एक नए जीवन मिलने के बराबर होता है। सेना में सेवा देने वाले के परिवार वालों में हमेशा एक डर रहता है। कि कहीं सीमा पर तैनात हमारा अपना बेटा, पिता, पति किसी दुश्मन की गोली का शिकार ना हो जाए। लेकिन वहीं सैनिक जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर और गांव वापस लौट ता है तो परिवार, दोस्त, संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों को ठिकाना ही नहीं रहता है। इसी तारतम में लांजी नगर पहुंचे पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी किरनापुर द्वारा भारतीय सेना के हवलदार आरिफ खान का भारतीय सेना से सेवानिवृती होकर आने के शुभ अवसर पर दिनांक 31 अगस्त 2025 को लांजी स्थित सुभाष चौक में स्वागत किया गया । हवलदार आरिफ खान जो कि राजपूताना राइफल की 3 राजपूताना राइफल से 18 वर्ष सर्विस पूर्ण करके सेवानिवृत होकर 31अगस्त 2025 को लांजी सुभाष चौक में पहुंचे इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी, किरनापुर के सभी सदस्य ने फूलमाला, बैंड बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। तदोपरांत हवलदार आरिफ खान द्वारा लांजी क्षेत्र के मुख्य चौक ,सुभाष चौक पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा फूल अर्पण करके संगठन के समस्त सदस्यों के साथ रैली बनाकर लांजी क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद तथा अभिवादन स्वीकार किया तथा हवलदार आरिफ खान ने भारतीय सेना मे किए गए अपने कार्य के बारे में जानकारी दी और पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लांजी किरनापुर को तहे दिल से धन्यवाद दिया। इस स्वागत समारोह के शुभ अवसर पर पूर्व सैनिक अध्यक्ष पवन कुमार सोनवाने ,उपाध्यक्ष हुलास राम शिरामें, सचिव गणेश मोरघड़े ,कोषाध्यक्ष प्रीतम चालक ,मीडिया प्रभारी रूप कुमार बिसेन पर्यावरण प्रभारी श्री राम नगपुरे, मानव विकास प्रभारी निरंजन देवगढ़े , सदस्यगण शैलेंद्र मोहबिया,सुनील पालेवार, सैनिक कमलेश बसेना, चिंटू दुबे, एडवोकेट बबीता पसीने और सैनिक परिवार में संध्या चालक, किरण नगपुरे तथा बच्चे उपस्थित थे।

## डोल ग्यारस पर बड़ा श्रीराम मंदिर से नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान श्री

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पूरे वर्ष भर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उड़ीसा के पुरी से सिर्फ एक बार निकलती हैं, उसी प्रकार उज्जैन में महाकाल की सवारी निकलती हैं। उसी प्रकार वारासिवनी नगर में भी डोल ग्यारस के दिन बड़ा श्रीराम मंदिर से भगवान बॉके बिहारी लड्डू गोपाल की पालकी पर सवारी निकलती हैं। जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालुगण शामिल होकर धर्म लाभ उठाते हैं।

इस वर्ष भी भगवान श्री अपने भक्तों से मिलने के लिए नगर भ्रमण पर 3 सितम्बर को निकलेगे। भगवान श्री बांके बिहारी की यह यात्रा दोपहर 3 बजे से निकलेगी। नगर भ्रमण के दौरान भगवान श्री बांके बिहारी के साथ ही सिद्ध हनुमान मन्दिर से हनुमान जी, लक्ष्मीनारायण मन्दिर से श्री हरि, कृष्ण मन्दिर से कृष्ण जी और शीतला माता मन्दिर से माता शीतला भक्तों के हाल चाल जानने पालकी में निकलते हैं। श्रद्धालुओं को भगवान श्री पालकी को पकडऩे का मौका वर्ष में एक बार ही मिलता है और उनका सीधा संपर्क भगवान श्री से होता है। इस यात्रा के दौरान भगवान श्री बड़ी नहर में जल विहार भी करते हैं और उसके बाद वापस श्रीराम मंदिर में पहुँचते हैं।

श्रीराम मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया हैं कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस डोल ग्यारस पर्व पर भगवान श्री की नगर भ्रमण यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करे।

## शिक्षा विभाग में 43 वर्ष दी सेवाएं, रिटायर होने पर ऐतिहासिक तरीके से दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



विकासखंड कटंगी के अलग-अलग स्कूलों में 43 वर्ष 2 माह तक शैक्षणिक सेवाएं देने के बाद सांदीपनि स्कूल से 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हुए उच्च श्रेणी शिक्षक संजय वर्मा को शाला परिवार ने समारोह का आयोजन कर विदाई दी. रविवार को स्कूल परिसर में समारोह का आयोजन हुआ. जहां शिक्षक संजय वर्मा का पूरा परिवार जिसमें धर्मपत्नी श्रीमती आभा वर्मा, पूर्णिमा संदीप वर्मा, पुत्र हर्ष, पुत्री प्रथा, भतीजी श्रेया, बहन संध्या और उनके साथी शिक्षक सहित स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए. विदाई समारोह के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के जरिए शिक्षक के प्रति अपना आभार व्यक्त किया. विद्यालय प्रबंधन ने उनके योगदान की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया. सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उपप्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल और बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े ने कहा कि शिक्षक संजय वर्मा को एक आदर्श शिक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद किया जाएगा. उनकी कमी विद्यालय परिवार को हमेशा महसूस होगी. सेवानिवृत्त प्राचार्य के.सी. साहू ने संजय वर्मा के साथ के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वह जिले भर के तमाम शिक्षकों की परेशानियों का निराकरण करने के लिए सदैव तत्पर रहते थे. विदाई समारोह के दौरान स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों ने शिक्षक संजय वर्मा को उपहार और भगवान की तस्वीर भेंट की. अंत में संजय वर्मा ने कि वह रिटायर नहीं हो रहे है वह सदैव शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं देते रहेंगे. शाम साढ़े 4 बजे स्कूल से भव्य जूलुस निकालकर उन्हें वाहन पर बिठाकर बाजे-गाजे के साथ नाचते-गाते हुए घर तक पहुंचाया गया. जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया. अस्पताल मैदान के सामने प्रमोद दुबे गुरप ने स्वागत कर विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को स्वल्पाहार कराया. सिनेमा चौक में भूतपूर्व छात्रों ने शिक्षक संजय वर्मा का स्वागत किया. यहां पूर्व विधायक टामलाल सहारे भी शिक्षक के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. बस स्टैंड में बस एजेंटों ने उनका सम्मान किया।

27 अगस्त 1963 को डॉ राजहंस वर्मा के घर में जन्मे शिक्षक संजय वर्मा का शैक्षणिक सफर 01 जुलाई 1982 को प्राथमिक शाला सेलवा से शुरू हुआ. 1986 से वर्ष 2001 तक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी में अपनी सेवाएं दी. यहां से प्राथमिक शाला पीपल टोला में उनका तबादला हुआ जहां उन्होंने करीब 4 वर्ष सेवाएं दी. यहां से तबादला होने के बाद शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुननाला में और फिर खैरलांजी, नट्टी टोला स्कूल में उन्होंने सेवाएं देते हुए वर्ष 2012 में सांदीपनि स्कूल पहुंचे जहां से वह 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए. संजय वर्मा ने अपने शैक्षणिक सफर के दौरान पिता से लेकर पुत्र तक को शिक्षा देने का काम किया है. इसी बात को लेकर कई बार वह अकसर विद्यार्थियों के साथ चुटकी भी लिया करते थे. जिसमें वह विद्यार्थियों को कुछ इस तरह समझाते कि सिर्फ तुझे नहीं तेरे पिता को भी मैनें पढ़ाया है।

## न्यास भवन में किया गया विचार गोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास भवन वारासिवनी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आमंत्रित मुख्य अतिथि अंजन गांगुली एवं वक्ता केशव प्रसाद जी द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों एवं महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में सुरक्षात्मक रूप से एवं वैचारिक आत्मनिर्भरता अन्तर्गत बिना जानकारी के अकेले बाहर न जाना, जाने की सूचना परिवार के किसी ना किसी सदस्यों को देना चाहिए तथा एकांत स्थान या निर्जन क्षेत्रों में बिना किसी ठोस कारण के नहीं जाना चाहिए तथा उचित कारण होने पर उचित व्यक्ति के साथ जाना चाहिए, आवश्यकता पडऩे पर समाज की, पुलिस की सहायता लेना चाहिए इत्यादि अपने विचारों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। वर्तमान समय में बालक एवं बालिकाओं को संस्कारवान बनाने पर भी बल दिया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। अंत में न्याय अध्यक्ष जितेन्द्र टेम्भरे द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### आल इंडिया ओबीसी रेल्वे एम्पलाय युनियन के चुनाव मे प्रशांत सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित

केवलारी-सिवनी जिला के जाने-माने चिर परिचित परिवार परतापुर वाले पटेल स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सूर्यवंशी के सुपुत्र प्रशांत सूर्यवंशी ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित।दिनांक 31 अगस्त 2025 दिन रविवार को ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एंप्लॉय फेडरेशन के चुनाव भोपाल में संपन्न हुए जिसमें श्री प्रशांत सूर्यवंशी जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया,जिनका रेल्वे बोर्ड रेल भवन नई दिल्ली के रूम नंबर 33 में स्थाई ऑफिस रहेगा सिवनी की माटी के लाल का इस मुकाम तक पहुंचाना न केवल सिवनी जिला को बल्कि समूचे महाकौशल और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित करता है।

# गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी करने वालो के विरुध्द तत्वरित व सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। साथ ही ठगी से पीडित व्यक्तियों को न्याय दिलाने हेतू प्रयत्नशील रहते है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी.सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 25/08/2025 को प्रार्थी प्रदीप कुडापे के साथ करीबन 15 लोगो ने थाना उपस्थित आकर आवेदन दिये कि मेडीकल कालेज कण्डीपार सिवनी मे गार्ड की नौकरी करने वाले नयन डेहरिया ने जिला अस्पताल सिवनी मे गार्ड की नौकरी लगाने के नाम पर आवेदको से पैसे लेकर उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र देकर आवेदको के साथ 59 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने पर आरोपी नयन डेहरिया के विरुध्द थाना डुण्डासिवनी में धोखाधडी का अपराध पंजीबध्द किया गया है। आरोपी के द्वारा करीबन 40-45 लोगो के साथ इसी प्रकार की धोखाधड़ी की गयी है जो आवेदको के उपस्थित आने पर धोखाधडी की राशि में इजाफा हो सकता है। आरोपी के व्दारा धोखाधडी के पैसो से महंगे मोबाईल व मोटर साईकिल खरीदी गयी थी जिसे जप्त किया गया। थाना प्रभारी निरी. सतीश तिवारी के नेत्तृव मे थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी की लगातार तलाश पतासाजी करते हुए को आरोपी नयन डेहरिया को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः- नयन डेहरिया पिता रामनाथ डेहरिया उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम आमोली जप्तीः- चौकी सुनवारा थाना धनौरा हाल शक्ति नगर मानेगांव जिला सिवनी (म.प्र.)। सराहनीय कार्यः- दो मोबाईल कीमती करीबन 30 हजार, एक हीरो कंपनी की मोटर साईकिल कीमती लगभग 70 हजार रुपये एवं दस्तावेज कुल कीमती 1 लाख रुपये निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, प्रआर. सुन्दरश्याम तिवारी आर. रवि धुर्वे, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर।

# पुलिस ने 3 साल के बच्चे को आधे घंटे में ढूंढ निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कोतवाली पुलिस ने शहर के फिल्टर चौक से लापता हुए 3 साल के बच्चे को आधे घंटे के भीतर ढूंढकर उसके परिवार को सुरक्षित सौंप दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और $फिल्टर चौक निवासी अभिषेक भलावी ने रविवार सुबह लगभग 9 बजे कोतवाली थाने में सूचना दी कि उनका 3 साल का बेटा मन्नत भलावी खेलते-खेलते लापता हो गया है. उन्होंने और उनके परिवार ने काफी देर तक उसे ढूंढा लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला।

बच्चे के लापता होने की खबर मिलते ही, थाना प्रभारी बावनकर ने तुरंत कार्रवाई की. उन्होंने शहर में तैनात सभी चीता टीम को बच्चे की तलाश में लगा दिया। पुलिस टीमों ने $फिल्टर चौक और उसके आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया.

पुलिस की मेहनत रंग लाई और सिर्फ आधे घंटे के भीतर ही बच्चा नागपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास मिल गया. बच्चा पूरी तरह सुरक्षित था। इसके बाद, पुलिस ने तुरंत बच्चे के परिवार को इसकी सूचना दी और उसे उनके हवाले कर दिया. अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिवार ने पुलिस का आभार व्यक्त किया. पुलिस की इस त्वरित और सराहनीय कार्रवाई से हर तर$फ उनकी प्रशंसा हो रही है बच्चे को ढूंढने में चीता पुलिस प्रदीप चौधरी, सतीश इनवाती, रविन्द्र डहरिया, रत्नेश कुशवाह, लोकेश सरयाम, विनय सेंगर, थाना लखनवाड़ा से अभिषेक डहरिया की भूमिका रही।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब बनाने के अड्डों पर मार छापा

# 2700 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं 70 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जप्त

**कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री विनोद खत्री के निर्देशन में दिनांक 31 अगस्त 2025 को आबकारी विभाग सिवनी की टीम के द्वारा अवैध शराब बनाने के अड्डों पर छापा मार कार्यवाही की गई है ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



आबकारी विभाग सिवनी को सूचना मिली थी कि बरघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलघाट के जंगल में अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाने के अड्डे चल रहे हैं जहां से कच्ची शराब बनाकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई की जाती है । प्राप्त सूचना के आधार पर आज प्रातः 08 बजे आबकारी विभाग की टीम के द्वारा संबंधित क्षेत्र में छापामार कार्यवाही कर अवैध कच्ची बनाने के अड्डों को नष्ट किया गया है। मौके पर प्लास्टिक के ड्रमों में भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला सड़ा हुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया है। आज की छापामार कार्यवाही में लगभग 2700 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं 70 लीटर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब बरामद कर जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 86 हजार रुपए है ।छापामार कार्यवाही में आबकारी उत्तर वृत्त के अंतर्गत 02आपराधिक प्रकरण कायम किए गए हैं जिसमें आबकारी उत्तर वृत्त एवं दक्षिण वृत्त का कार्यपालिक स्टॉफ शामिल रहा है।

# हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तानः खेलकूद कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।



केवलारी/खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वो उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी के खेल प्रांगण में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर तीन दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान विविध खेल व फिटनेस कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त 2025 विकासखंड केवलारी का आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न खेल खो खो बैडमिंटन मैराथन कुर्सी दौड़ स्वदेशी खेल पिट्टू व शारीरिक व्यायाम कराया गया आयोजन की अंतिम दिवस पर विशाल साईकिल रैली निकाली गई जिसमें हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान जैसे नारे भी लगाए गए इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे इस आयोजन में अनूप बघेल भाजपा मंडल अध्यक्ष, एस एस रामटेक्कर नगर निरीक्षक थाना केवलारी, सचिन अवधिया पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, रफीक खान अध्यक्ष म.प्र.श्रमजीवी पत्रकार संघ, पवन यादव पूर्व जनपद सदस्य समाज सेवी, संतोष पाठक महिला बाल विकास सुजीत राय महामंत्री ओमप्रकाश नगपुरे , सतीश राय महामंत्री डॉ विकास दुबे, प्रमोद यादव ,दिलीप जांघेला, विनोद अवधिया, श्रीमती वैशाली अवस्थी श्रीमती अमिता सिंह, राम गोपाल नामदेव पीटीआई, गजेंद्र बोपचे शिक्षक, आशीष चौरसिया, पी टी आई, रामकुमार यादव, शिक्षक सुधीर मुंजारे, वेद प्रकाश यादव अभिषेक यादव वरिष्ठ खिलाड़ी एवं नगर केवलारी के खेल प्रेमी की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ समापन के अवसर पर खिलाड़ियों को फलाहार कराया गया एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन संतोष पाठक ने किया, खेल समन्वयक परवीन बेबी के द्वारा आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुना भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात

**मन की बात कार्यक्रम से हमे एक दिशा मिलती हैः-दिनेश राय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



रविवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम के 125 वें एपिसोड को सुना गया। आज विश्व के लोकप्रिय नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मन की बात 125 वां एपिसोड मे देश को संबोधित किये गये कार्यक्रम को विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नेता श्री रामलाल राय के निवास पर देखा व सुना गया।

जहां पर श्री रामलाल राय , श्रीमती अनीता राय , श्वेता राय , आयुष राय द्वारा आपका शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। जिसमें उन्होंने कभी राजनीति पर बात नही की, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा राष्ट्र की बात किया। श्री राय ने आगे कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हमे एक दिशा मिलती है। इस अवसर पर सर्वश्री प्रदीप राय उपाध्यक्ष जिला भाजपा, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पी कालेज, युवराजसिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, घनश्याम बघेल जिलाध्यक्ष नमोविमं, पीयूष दुबे , खुशेन्द्र पवार , कपिल पांडे , अरुण यादव , अखिलेश राय जेवनारा माल, गप्पू राहंगडाले , संजय भलावी पार्षद, अंकित ठाकुर , अनीता राठौर सहित अनेकों जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# 13 साल पहले जब नाबालिग थी, तब हुआ था अपहरण, यूपी से ढूंढ लाई पुलिस

सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा जिले मे गुम हुये नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलवाया जा रहा है उक्त अभियान मे थाना छपारा को एक उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 21/04/2012 को प्रार्थी सहूलाल यादव द्वारा थाना छपारा मे रिपोर्ट लेख कराया गया था कि उसकी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है दिनांक 21/04/2012 से लगातार अपर्हता को दूढने का प्रयास किया जा रहा था किन्तु अपर्हता का कोई पता नही चल पाया था प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी व्दारा प्रकरण की समीक्षा उपरांत अपर्हता की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम व्दारा मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यो की सहायता से अपर्हता के संबंध मे जानकारी प्राप्त करना प्रारंभ किया गया प्रयास उपरांत अपर्हता की लोकेशन जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश मे होना पायी गयी जिसे पुलिस टीम व्दारा जाकर दस्तयाब किया गया एंव परिवार से मिलाया गया। पुलिस व्दारा 13 वर्षो से अधिक अवधि से गुम हुई नाबालिक बालिका को अथक प्रयासो एवं मेहनत कर दिनांक 30/08/2025 को दस्तयाब कर परिवार से मिलाया गया है।

**सराहनीय कार्य**

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपुर्व भलावी, उनि मंजू रहांगडाले, प्रधान आरक्षक राजेश जंघेला, शिवकुमार सूर्यवंशी, आशीष मानेश्वर, विनोद धुर्वे।

### मेरा विद्यालय, मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम का होगा प्रत्येक विद्यालय में आयोजन

सिवनी। आज एक सितंबर को प्रत्येक शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों में मेरा विद्यालय, मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।इस हेतु शासन द्वारा पत्र जारी किया गया है। उपरोक्त पत्र के अनुसार शालाओं में प्रार्थना सभा के अवसर पर शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन ,पर्यावरण सौंदर्य, छात्रों के चरित्र निर्माण, सेवा समर्पण, संस्कार तथा भेदभाव रहित वातावरण का निर्माण विद्यालय परिसर की स्वच्छता ,अनुशासन तथा प्रेरणास्पद वातावरण बनाकर विद्यालय से संबंधित संसाधनों को राष्ट्रधन मानते हुए इनका संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति ध्यान आकर्षण करने हेतु शिक्षक एवं छात्रों द्वारा विद्यालय में संयुक्त रुप से एक संकल्प पत्र का वाचन किया जाएगा ।

# छपारा नगर में विराजे भगवान श्रीगणेश














# बाल्मिकी मोहल्ला भैरोगंज में विरोज श्री गणेश







# एमपीआरडीसी के गड्ढे भर रही है पुलिस

## मौत का तांडव कर रही है राजमार्ग



केवलारी- सिवनी मंडला राजमार्ग 11 ए सिवनी से थांवर नदी मंडला सीमा तक 75 किलोमीटर रोड अनेकों स्थानों पर जमीदोंज हो गयी है ,खैररांजी से आगे नैनपुर तक 7 किलोमीटर रोड पुरी तरह उखड़ गयी है।धानागड़ा, मुनगापार,केवलारी-बोथिया क्षेत्र मे ब्लेक स्पाट के साथ गहरे गहरे गड्ढे हो जाने से रोज दुर्घटना घटती हो रही है।मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन के अधीन की सिवनी से नैनपुर तक की रोड मे दोपहिया वाहनों ,चार पहिया वाहनों का एक्सीडेंट होना आम बात हो गयी है।एक्सीडेंट होने के बिषय पर सचेत करे तो पहला कारण रोड है, दुसरा यातायात नियमों के शिक्षा का अभाव ,तीसरा कारण शराब का नशा,नशे चलना, यातायात नियमों को अनदेखा कर रोड मे बन गये गहरे गड्ढो से अपाहिज या सीधा यमराज से संपर्क हो रहा है इसके लिये सीधा दोष एमपीआरडीसी को जाता है।एमपीआरडीसी के अधिकारी ना तो रोड का अवलोकन कर रहे है ,ना ही गड्ढो को फिलअप कर रहे है ,नाही रोड का मेंटानेंस कर रहे है, ना ही पटरियों मे लहरा रही लता ,बेला ,घासो को साफ करवा रहे है ना ही ब्लेक स्पाटो मे संकेतक बोर्ड लगवा रहे है।

### दो लडकी दुर्घटनाग्रस्त पुलिस का मानवीय चेहरा

-बोथिया चौरापाठा गांव के बीच जंगल के समीप पोल्ट्री फॉर्म हाऊस के सामने बीच रोड पर बने गहरे गड्ढे मे दिनांक 30 अगस्त को टूव्हीलर वाहन से गिर जाने 2 युवती चोटिल हो गयी थी।स्कूटी मे डिंडोरी से आमाकोला कान्हीबाडा आ रही विनीता पिता इंद्रलाल मरावी 25 बर्षीय एवं अन्नपुर्णा पिता चंद्र लाल मरावी उम्र 20 बर्ष जाति गोंड निवासी आमाकोला कान्हीबाडा गिरकर घायल हो गयी थी जिनका प्राथमिक उपचार सिविल हॉस्पिटल मे होने के बाद सिवनी रिफर कर दिया गया था । केवलारी- पुलिस द्वारा गड्डे के कारण हुयी दुर्घटना के चलते थाना मे पदस्थ उप निरीक्षक विक्की धुर्वे, प्रधान आरक्षक 99 सादिक मंसूरी ,आरक्षक 778 हुलसीराम बोहने ,सैनिक 12 कमलेश शर्मा ,सैनिक 37 विजेंद्र दुबे नगर रक्षा समिति सदस्य अंशुल पट्टेया और डायल 100 से ड्राइवर शंकर देशमुख ने मौके पर पहूंचकर बीच रोड के गड्डे को पेकअप किया ।पुलिस की सोच ओर मानवीयता की चर्चा स्वभाविक है। मगर एमपीआरडीसी के अधिकारीयों को इस से कोई सरोकार नही है।

# राहगीर ने पेश की मानवीयता की मिसाल, आवारा कुत्तों से बचायी 2 वर्षीय मासूम की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विगत कुछ दिनो से आवारा कुत्तो के व्दारा लगातार हमले करने की शिकायते सुनने में आ रही है इसमे बीच मे कुछ बच्चो के भी घायल होने की जानकारी प्राप्त होते रही है जिसमे कुछ बच्चे गंभीर रुप से घायल भी हुए है।

इसी क्रम मे दिनांक 26/08/25 को रात लगभग 9 बजे के आसपास सूचना प्राप्त हुई कि एक दो वर्षीय बालक प्रज्ञा नर्सरी के सामने अकेला था जिसे आवारा कुत्ते काटने के लिए दौड रहे थे जो बालक रो रहा था तभी वहा से गुजरने वाले एक राहगीर ने बालक को रोते व कुत्तो को बालक झप्पटे देख कुत्तो से उक्त बालक को बचाया साथ ही अज्ञात बालक के परिजनो के संबध मे जानकारी न मिलने पर थाना डुण्डासिवनी सुपुर्द किया गया जहां से डूण्डासिवनी पुलिस स्टाफ के व्दारा उक्त बालक के परिजनो का पता किया जो उक्त बालक ग्राम पलारी थाना डूण्डासिवनी निवासी रमेश मिश्रा का होना पाया गया बालक का नाम अभिजीत मिश्रा था जो तस्दीक उपरांत उसके माँ सोनू मिश्रा एंव पिता रमेश मिश्रा के सुपुर्द किया गया। बालक के सुरक्षित मिलने पर बालक के परिजनो के व्दारा उक्त राहगीर रकीब खान पिता अजीज खान उम्र 34 वर्ष निवासी अमीनगंज बरघाट एंव डूण्डासिवनी पुलिस का हृदय से धन्यवाद दिया।

### तेंदुआ के डर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल
# तेंदुआ ने दो बछड़ों का किया शिकार!
### वन विभाग ने कराई मुनादी सतर्क रहें सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





वन परिक्षेत्र बिरसा/दमोह सामान्य के अंतर्गत बीट धोपघट के कक्ष क्रमांक 1704 ग्राम कबराटोला खुर्सीपार से लगा वन क्षेत्र के समीप राजस्व क्षेत्र में पिछले 2 दिनों से वन्य प्राणी तेंदुआ के द्वारा 2 बछड़ों का शिकार किया गया।चूंकि वन क्षेत्र गांव के समीप है।इस घटना से गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव के ग्रामीणों ने इसकी सूचना इस क्षेत्र के जनपद पंचायत बिरसा उपाध्यक्ष हेमंत साहू को दी गई। इस पर हेमंत साहू के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत को दी गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जीवनलाल वरकड़े,वनपाल इंदिरा गर्ग,अजीबदास सोनवाने मौके पर पहुंचकर उनके द्वारा पंचनामा बनाकर विधिवत कार्यवाही की गई।वहीं गांव के ग्रामीणों ने अपने मवेशियों को चराने के लिए पास के ही जंगल के पास लेकर जाते हैं।गांव वालों ने जानवर चराते समय देखे कि तेंदुआ अपने 2 छोटे-छोटे शावक के साथ जंगल में है तो गांव वालों के द्वारा अपने-अपने मवेशियों को लेकर घर आ गए। लेकिन गांव के ही नैनसिंह/झुमुकलाल का मवेशी घर नहीं पहुंचा तो उनके द्वारा अपने मवेशी की खोज शुरू की गई।एक दिन बाद गांव के ही फूलदास/गेंदलाल का भी मवेशी घर नहीं पहुंचा तो गांव वालों को तेंदुआ पर संदेह हुआ।गांव के पटेल हीरामन पंचतिलक,नंदलाल व राजाराम पंचतिलक के द्वारा हेमंत साहू को इसके बारे में बताया गया।हेमंत साहू के द्वारा वन विभाग को सूचना देने के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची।वन विभाग,गांव वाले और जनप्रतिनिधि हेमंत साहू सब एक साथ मिलकर मवेशी को खोजने के लिए पास के ही जंगल में गए तो वहां उन्होंने देखें कि एक बछड़े को तेंदुआ ने पूरा खा चुका था जबकि दूसरे को आधा खाया था। इस पर वन विभाग के द्वारा विधिवत कार्यवाही की गई।उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा गांव वालों को अकेले जंगल नहीं जाने,मृत पशु पर किसी प्रकार का कोई जहरीला पदार्थ नहीं छोड़ने,खुले में शौच नहीं करने की समझाइश दी गई।वन विभाग के द्वारा गांव में मुनादी भी करवाया गया।

### वन्य जीवों के सरंक्षण के बारें में चौपाल लगाकर दी जानकारी
# वन परिक्षेत्र बिरसा क्षेत्र के ग्रामीणों को हिंसक वन्य प्राणियों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्य वन संरक्षक के मार्गदर्शन में व वनमंडलाधिकारी उत्तर सामान्य वन मंडल बालाघाट के निर्देशन एवं उपवन मंडल अधिकारी बैहर सामान्य और वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरसा दमोह सामान्य की उपस्थिति में बीट भूतना भाग-एक के अंतर्गत ग्राम वन समिति बोरखेड़ा के सामुदायिक भवन में शनिवार 30 अगस्त को चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर ग्राम बोरखेड़ा समेत आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को घनश्याम झगड़े ने संगीत मंडली के माध्यम से कर्मा शैली व लोक गीतों के माध्यम से हिंसक वन्य प्राणियों के हमले से बचाव व सुरक्षा के तरीके तथा वन्य जीवों के संरक्षण की जानकारी देकर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपवन मंडल अधिकारी राकेश शाक्यवार, वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत के द्वारा ग्रामीणों को हिंसक वन्य प्राणी से सामना होने पर रखी जाने वाली सावधानियां व ऐसे वन्य प्राणी गांव में दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने कहा गया। सांप के डसने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज कराने की सलाह दी गई। इसके अलावा वन्य प्राणी संरक्षण संबंधी समझाइश दिए। कार्यक्रम में परिक्षेत्र सहायक बिरसा मुकेश घोरमारे, खेमराज नागेश्वर वनरक्षक, बुद्धिराज बघेल वनरक्षक, लक्ष्मण पंद्रे वनरक्षक, संतराम उइके वनरक्षक, संजू मेरावी वनरक्षक, वन समिति बोरखेड़ा अध्यक्ष के अलावा आसपास गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे।





## तिरोड़ी में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय अंतर खान फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. रविवार की शाम साढ़े 04 बजे समारोह पूर्वक प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता के समापन से पहले सामूहिक पैदल यात्रा और स्वस्थ भारत की प्रतिज्ञा ली गई. प्रतियोगिता में तिरोड़ी, भरवेली, चिखला, कांद्री, मनसर, डोंगरी बुर्जूग, उकवा खान की फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उकवा और कांद्री के बीच खेला गया. जिसमें उकवा टीम विजयी रही. कांद्री उपविजेता टीम बनी. फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित कर दिया. 29 अगस्त को खेल भावना, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना को समर्पित मेजर ध्यानचंद को याद कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी. प्रतियोगिता में पहले ही दिन से सभी टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले हुए. सभी टीमों ने अनुशासन, टीम वर्क और बेहतरीन कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया. प्रतियोगिता के समापन समारोह में मॉयल अधिकारी मनीष ढोके, रितेश माने, गजानंद देवतले, प्रितेश नागदेवे, राकेश बिसेन, आशीष दुआ, अभिनंदन कुमार, प्रदीप उके ने शिरकत की. इन अधिकारियों ने विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया. मायॅल प्रबंधक ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं. मॉयल ने सदैव खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया है।

## बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भारतीय मजदूर संघ से जुड़े अखिल भारतीय आशा कर्मचारी संघ और अखिल भारतीय मिड-डे-मील की संयुक्त राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक 30-31 अगस्त हुई।

इस दौरान बैठक में आशा कर्मचारियों के लिए मेटरनिटी लीव की मांग प्रमुख रही। अखिल भारतीय आशा कर्मचारी संघ अध्यक्ष जिमी केरा ने कहा कि अन्य सरकारी विभागों की तरह आशा कार्यकर्ताओं को भी मेटरनिटी लीव मिलनी चाहिए।

एजेंडे में आशा कार्यकर्ताओं के लिए 30 दिनों का वेतन, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्कूटी की मांग भी शामिल की गई है। बीएमएस के राष्ट्रीय उपमहामंत्री सुरेन्द्र पांडे ने मिड-डे-मील कर्मचारियों के वेतन में विसंगति का मुद्दा उठाया।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में रसोइयों को 3 हजार रुपए मानदेय मिलता है, जबकि हिमाचल में एक हजार और केरल में 19 हजार रुपए दिए जाते हैं। संगठन ने समान कार्य-समान वेतन की मांग की है।

बैठक में राष्ट्रीय प्रतिनिधि राजेश वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री गीता कटरे, लीला नगपुरे और विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिनिधि मौजूद थे। भारतीय मजदूर संघ जल्द ही यह 9 सूत्री एजेंडा सरकार को सौंपेगा।

## सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का तीसरा लेग जल्द ही यातायात के लिए खोल दिया जाएगा

**बालाघाट।** बालाघाट के सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का तीसरा लेग जल्द ही यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने बताया कि तीसरे लेग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 2 से 5 सितंबर के बीच इस मार्ग पर दोपहिया और हल्के चौपहिया वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। वर्तमान में कोसमी से बैहर रोड बायपास मार्ग के दो लेग पर यातायात जारी है। हनुमान चौक की ओर जाने वाले तीसरे लेग में बेरिंग कोट सहित कुछ कार्य शेष हैं। इस मार्ग के खुलने से बालाघाट से गोंदिया और बैहर जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।यह ओवरब्रिज वाय आकार में बना है, जिसकी लंबाई 989.44 मीटर और ऊंचाई 7.30 मीटर है। इसका निर्माण 38.67 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। कार्य 16 मई 2023 को शुरू हुआ था। पहले इसकी समय-सीमा 25 मई 2025 थी, लेकिन अब इसे अक्टूबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। एसडीओ सनोडिया ने बताया कि तीसरे लेग के साथ-साथ सर्विस रोड का काम भी शुरू कर दिया गया है।

## पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले मास्टरमाइंड को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले मास्टरमाइंड को पकड़ा है। पुलिस ने रविवार को सटोरिए गोलू उर्फ विकास बहकर से थाने से एक किलोमीटर तक जुलूस निकलवाया।

आरोपी के पास से 9,950 रुपए और सट्टे की पर्ची बरामद की गई। जुलूस के दौरान उससे 'सट्टा खिलाना पाप है' का नारा लगवाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीण थाना पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में सट्टे के खिलाफ दो कार्रवाई की हैं। इससे पहले तीन अन्य सटोरियों का भी जुलूस निकाला गया था।

थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के अनुसार, आरोपी को धारा 151 के तहत एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

गोलू उर्फ विकास क्षेत्र में सट्टे का मास्टरमाइंड माना जाता था। वह खुलेआम सट्टा खिलाता था। इससे पहले उसके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं था। यह पहली बार है जब वह पुलिस की गिरफ्त में आया है।

# मोहगांवघाट में भूमिपूजन कार्यक्रंम का हुआ आयोजन

### मोहगांवघाट में सांसद भारती पारधी एंव विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहगांवघाट में 30 अगस्त शनिवार को करीब 38 लाख रुपए स्वीकृती लागत से बनने वाली नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन कार्यक्रंम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर भूमिपूजन कार्यक्रंम में प्रमुख रूप से बालाघाट सिवनी जिले की लोकप्रिय सांसद श्रीमती भारती पारधी एंव कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी शामिल हुए जिन्होंने नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान जिले की लोकप्रिय सांसद भारती पारधी के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की आपका भरपूर आशीर्वाद मुझे मिला है ,निश्चित तौर से मैं जिलेवासीयो की ऋणी हू। आपके विश्वास की कसौटी पर खरी उतरूंगी । उन्होंने कहा की जिले के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी,पिछले दिनो हमें दो बडी ट्रेन मिली है। और ट्रेन चाहिए जिसके के लिए डबल रेल्वे लाईन की जरूरत है, डबल लाईन हो जायेगी तो और हमें और ट्रेने मिलेगी जिस के लिए प्रयासरत किया जा रहा है । जिले का औद्योगिक विकास करना है जिसके लिए रेल मार्ग, सड़क मार्ग , हवाई मार्ग का सम्पर्क जोडने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जिले का आथिर्क विकास तीव्र गति से हो । उन्होंनो कहा की अपना विश्वास बनाऐ रखना निश्चित तौर से जिले का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा की विकास करना पहली प्राथमिकता है ,जिसके लिए क्षेत्र में अनेक विकास कार्यो की सौगात दि गई है। साथ ही कृषको को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिले की सासंद श्रीमती भारती पारधी, खैरलांजी कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी गुनाराम बघेले, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, ग्राम सरपंच दुर्गेश पारधी , उपसरपंच सिध्दार्थ श्याम कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता एंव पूर्व सरपंच मिरगपुर राजेन्द्र देशमुख,सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख, तेजलाल चौधरी पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मिरगपुर पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद देशमुख,ज्ञानेश रांगहडाले कटोरी भाजपा मंडल अध्यक्ष, मिरगपुर सरपंच दिपक देशमुख, दिलीप बिसेन सरपंच गुडरूघाट, अनिल मस्करे सावरगांव सरपंच ,रमणीय देशमुख, पूर्व सरपंच अशोक बिसेन, मेष देशमुख, कुमार पारधी ,गिरीश बिसेन, डा.प्रकाश देशमुख,नेमा पारधी ,.शैलेश पारधी, विश्वेश्वर सोनवाने, समाज सेवी जितेन्द्र गौतम,पलास बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिपेश्वरी लिल्हारे ,विश्वेश्वर सोनवाने , कौशलनाथ तुरकर सरपंच चिचोली,ग्राम सचिव मोहन भोंडे, जीआरएस युगलकिशोर नागपुरे,नयाब तहसीलदार डी.एल परते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी खैरलाजी ,सहायक यंत्री सुनील हिरकने, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.पी. मर्सकोले ,, सहित ग्रामवासी एवं अन्य मौजूद रहे।

# ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होने का रास्ता साफ : मधु भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने कहा कि मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने की थी। उस समय कांग्रेस सरकार ने सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए ठोस निर्णय लेकर यह पहल की, लेकिन दुर्भाग्यवश सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया और उदासीनता का परिचय दिया। परिणामस्वरूप यह मामला वर्षों तक कानूनी पेचिदगियों और सरकारी सुस्ती में उलझा रहा।

विधायक मधु भगत ने बताया कि राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर अब तक लाखों रुपये व्यय कर दिए, किंतु समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए। इसी दौरान मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा, जहां सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश की भाजपा सरकार से इस विषय पर कठोर सवाल-जवाब भी किए। न्यायालय ने सरकार से पूछा कि आखिर ओबीसी समाज को उनका हक दिलाने में इतनी देरी क्यों की जा रही है।

लगातार बढ़ते दबाव और राजनीतिक-सामाजिक आंदोलनों के बीच अंततः भाजपा सरकार को पहल करनी पड़ी। हाल ही में भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में सभी दलों और वर्गों के बीच विचार-विमर्श हुआ और सर्वसम्मति से समस्या का हल निकालने पर सहमति बनी।

कांग्रेस पार्टी ने इस सर्वदलीय पहल का स्वागत किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह मुद्दा केवल किसी दल का नहीं, बल्कि समाज के बड़े तबके का हक और अधिकार से जुड़ा हुआ है। विधायक मधु भगत ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच सदैव पिछड़े वर्गों, दलितों और कमजोर तबके के उत्थान की रही है और कमलनाथ सरकार द्वारा उठाया गया कदम इसी दृष्टिकोण का परिणाम था।

अब जब सर्वसम्मति बन चुकी है, तो मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। इससे न केवल ओबीसी समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक क्षेत्र में बराबरी का अवसर मिलेगा, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में भी यह एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

मधु भगत ने उम्मीद जताई कि भाजपा सरकार अब और देरी न कर इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से लागू करे। उन्होंने कहा कि समाज को उसका संवैधानिक हक मिलना ही चाहिए। अगर सरकार गंभीरता और ईमानदारी से निर्णय लेती है, तो यह लाखों ओबीसी युवाओं और परिवारों के लिए आशा की नई किरण साबित होगा।

### बालाघाट के बिरसा मॉडल स्कूल के शिक्षक सौरभ कुमार शर्मा होंगे सम्मानित
# शिक्षक दिवस पर होगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितम्बर को राजधानी भोपाल में भव्य राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश भर से चयनित 14 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्यो और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसमें बालाघाट जिले के माडल स्कूल बिरसा के उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री सौरभ कुमार शर्मा भी शामिल हैं। यह बालाघाट जिले के लिए गर्व, उपलब्धि एवं सौभाग्य की बात है कि यहां के शिक्षक को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि शिक्षक दिवस पर 05 सितम्बर को भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्राथमिक एवं माध्यमिक श्रेणी के 08 शिक्षक तथा उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 06 शिक्षक शामिल हैं। पुरस्कृत शिक्षकों को समारोह में 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल और श्रीफलभेंट कर सम्मानित किया जाएगा। बालाघाट जिले से इस वर्ष शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा के उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री सौरभ कुमार शर्मा का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। उनका चयन उच्च माध्यमिक श्रेणी के शिक्षकों में हुआ है।उल्लेखनीय है कि श्री सौरभ कुमार शर्मा ने अपने शैक्षणिक जीवन में विद्यार्थियों की प्रगति और विद्यालय के विकास के लिए सतत प्रयास किए हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं बल्कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी सफलता हासिल की है। शिक्षा में तकनीकी साधनों का उपयोग,विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित करना और विद्यालय का शैक्षिक वातावरण बेहतर बनाना उनके कार्यों की प्रमुख विशेषता रही है। श्री शर्मा के चयन की खबर मिलते ही शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने इसे पूरे जिले और विशेषकर मॉडल स्कूल बिरसा के लिए गर्व व उपलब्धि बताया है।






